# MP BOARD CLASS 10 HM SOCIAL SCIENCE MODEL PAPER SET 4 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM सामाजिक विज्ञान मोडल पेपर सेट 4 2020

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए- 1x5=5

(अ) आन्ध्र प्रदेश और उड़ीसा के डेल्टा क्षेत्रों तथा गंगा के मैदानों में सामान्यतः कौन-सी मिट्टी पाई जाती है?

(i) लाल मिट्टी (ii) जलोढ़ मिट्टी (iii) काली मिट्टी (iv) लैटेराइट मिट्टी।

(ब) भूकम्प की दृष्टि से भारत का अत्यधिक प्रभावित क्षेत्र है-

(i) कच्छ (ii) अरावली पर्वत (iii) उड़ीसा तट (iv) गोवा।

(स) निम्नलिखित में से कौन उदारवादी विचारों का नहीं था?

(i) दादाभाई नौरोजी (ii) अरविन्द घोष (iii) गोपाल कृष्ण गोखले (iv) फिरोजशाह मेहता।

(द) कांग्रेस का विभाजन हुआ-

(i) नागपुर अधिवेशन में (ii) सूरत अधिवेशन में

(iii) लाहौर अधिवेशन में (iv) बम्बई अधिवेशन में।

(ड) आर्थिक विकास का परिणाम है-

(i) जीवन स्तर में सुधार का (ii) आर्थिक कल्याण में वृद्धि का

(iii) जीवन प्रत्याशा में वृद्धि का (iv) ये सभी।

उत्तर-(अ) (ii), (ब) (i), (स) (ii), (द) (ii), (इ) (iv)।

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- 1x5=5

(अ) इण्टरनेशनल नेटवर्क का संक्षिप्त नाम ............... है।

(ब) बहादुरशाह द्वितीय को बन्दी बनाकर .............. भेज दिया गया।

(स) 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद .............. का निर्माण हुआ।

(द) संसदीय शासन प्रणाली में राष्ट्रपति ............... का शासक होता है।

(इ) लोकसभा में सदस्यों की संख्या अधिकतम .............. है।

उत्तर-(अ) इण्टरनेट, (ब) रंगून (बर्मा), (स) बांग्लादेश, (द) नाममात्र, (ड) 552।

प्रश्न 3. सत्य/असत्य बताइए- 1x5=5

(अ) भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है।

(ब) धन विधेयक केवल लोकसभा में ही प्रस्तुत होता है।

(स) जनसंख्या में वृद्धि अविकसित राष्ट्रों के लिए वरदान है।

(द) साहूकारों का औद्योगिक वित्त में महत्वपूर्ण स्थान है।

(इ) उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम, 1955 में पारित किया गया।

उत्तर-(अ) सत्य, (ब) सत्य, (स) असत्य, (द) असत्य, (इ) असत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. कार्बेट | (क) प्राथमिक क्षेत्र |
| 2. वस्त्र उद्योग | (ख) तृतीयक क्षेत्र |
| 3. 'लक्ष्मी वाहिनी' | (ग) उत्तराखण्ड |
| 4. परिवहन एवं संचार | (घ) गुजरात |
| 5. मछली पालन | (ङ) मोबाइल बैंक |

उत्तर-1.→ (ग), 2. → (घ), 3. →.(ङ), 4.→ (ख), 5.→ (क)।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए- 1x5=5

(अ) भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल क्षेत्रफल का है।

(ब) शिक्षा के विस्तार हेतु भुगतान की गई कर राशि पर कौन-सा कर लगाया जाता है?

(स) बाट एवं माप मानक अधिनियम किस वर्ष में पारित किया गया?

(द) हॉलमार्क द्वारा किसको प्रमाणित किया जाता है?

(इ) आर्थिक सुधार कब प्रारम्भ हुए?

उत्तर-(अ) 2.4 प्रतिशत,(ब) शिक्षा उपकर,(स) सन् 1976 में,(द) स्वर्ण आभूषण,(इ) वर्ष 1991।

प्रश्न 6. भारत में पाई जाने वाली मिट्टियों के नाम लिखिए। 2

अथवा

भारतीय वन प्रबन्ध संस्थान की स्थापना क्यों की गई है?

प्रश्न 7. 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम का तात्कालिक कारण क्या था? 2

अथवा

कांग्रेस की स्थापना कब और किसने की थी?

प्रश्न 8. वणिकवाद के अनुसार आर्थिक विकास का क्या अर्थ है? लिखिए। 2

अथवा

वित्तीय प्रणाली से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 9. 'दूरसंवेदी इकाई' से क्या आशय है? 2

अथवा

सेवा क्षेत्र का कृषि एवं राष्ट्रीय आय में योगदान की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 10. उपभोक्ता शिक्षा के कोई दो महत्त्वपूर्ण लाभ बताइए। 2

अथवा

उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम क्या है?

प्रश्न 11. खनिज पदार्थ का क्या महत्त्व है? 3

अथवा

जल संरक्षण क्यों आवश्यक है? इसके प्रमुख उपायों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 12. "मध्य प्रदेश खनिज सम्पदा का भण्डार है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3

अथवा

वनों से होने वाले छः प्रत्यक्ष लाभ लिखिए। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 13. भारत में राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने में प्रेस का क्या योगदान रहा? 3

अथवा

कांग्रेस ने अपने आरम्भिक काल में दुखों तथा शिकायतों के निराकरण के लिए कौन-से तरीके अपनाए?

प्रश्न 14. रानी लक्ष्मीबाई के बारे में लिखिए। 3

अथवा

उग्रराष्ट्रवादी आन्दोलन का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 15. राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों के योगदान का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

भू-प्रदूषण को नियन्त्रित करने के चार उपाय लिखिए।

प्रश्न 16. संचार से क्या आशय है? इसके साधनों को संक्षेप में समझाइए। 4

अथवा

भारत में निर्यात संवर्द्धन के लिए किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 17. सूखा एवं बाढ़ किसे कहते हैं? लिखिए। 4

अथवा

घर में आग से बचाव के कोई चार उपाय लिखिए।

प्रश्न 18. सविनय अवज्ञा आन्दोलन का मध्य प्रदेश पर क्या प्रभाव पड़ा? 4

अथवा

साइमन कमीशन कब और क्यों भारत भेजा गया था? इसका भारतीयों द्वारा विरोध क्यों किया गया?

प्रश्न 19. सन् 1971 के युद्ध में पाकिस्तान की पराजय के प्रमुख कारण बताइए। 4

अथवा

भारत में आपातकाल कब और कितनी बार घोषित किया गया?

प्रश्न 20. भारत का संविधान लिखित एवं विस्तृत क्यों है? वर्णन कीजिए। 4

अथवा

"भारतीय संविधान में कठोर एवं लचीलेपन का सम्मिश्रण है।" कथन को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 21. मिश्रित अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं? मिश्रित अर्थव्यवस्था के दोष बताइए। 4

अथवा

वैश्वीकरण से उत्पन्न समस्याएँ बताइए। (कोई चार)

प्रश्न 22. निम्नलिखित मौसमी दशाओं को स्पष्ट करने हेतु संकेत बनाइए- 5

(i) ओला, (ii) सम्पूर्ण मेघाच्छादन, (ii) वर्षा, (iv) धुन्ध, (v) तडित झंझा।

अथवा

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए-

(i) सतपुड़ा, (ii) गंगा, (iii) बंगाल की खाडी, (iv) भिलाई, (v) चिल्का झील।

प्रश्न 23. 'बंग-भंग' का राष्ट्रीय आन्दोलन पर क्या प्रभाव पड़ा? 5

अथवा

क्रान्तिकारियों के बारे में आप क्या जानते हैं? ब्रिटिश शासन के विरुद्व उन्होंने कौन-से तरीके अपनाए?

प्रश्न 24. 1965 के भारत-पाक युद्ध की प्रमुख घटनाओं का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

भारत-चीन युद्ध में एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा चीन ने क्यों की? वर्णन कीजिए।

प्रश्न 25. राज्यपाल के कार्य लिखिए। 5

अथवा

संसद में विधेयक पारित होने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 26. जनसंख्या विस्फोट के प्रभाव बताइए। 5

अथवा

भारत में बेरोजगारी दूर करने के पाँच उपायों का वर्णन कीजिए।